तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, बुधवार 8 अक्टूबर 2025

13 प्रदेश के विकास में महिलाओं की अहम भूमिका : कौशल्या देवी


14 बारिश के बावजूद सूखा है 80 एकड़ का तालाब...




आवश्यकता है
कपड़े एवं रेडीमेड दुकान में काम करने के लिये
• सेल्समेन-सेल्सगर्ल
• कम्प्यूटर कार्य के लिये लड़के/लड़कियां
• लेडिस स्टॉफ
आकर्षक वेतन दिया जाएगा
काका होजियरी
गंज रोड, नवापारा (राजिम)
फोन : 9893744470

## समस्या : सूखानदी का रपटा बहा; चिखली नदी पर अधूरा पुल बना मुसीबत

# बारिश से चरमराई मैनपुर-अमलीपदर की कनेक्टिविटी, ग्रामीण हुए परेशान


जान जोखिम में डालकर कर रहे नदी पार


ग्रामीण लोहे की सीढ़ियों से कर रहे आवागमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

गरियाबंद जिले में लगातार मूसलधार बारिश के कारण मैनपुर और अमलीपदर क्षेत्र का सड़क संपर्क पूरी तरह चरमरा गया है। क्षेत्र के लोगों की समस्या तब और बढ़ गई जब खोखमा से घुमरापदर मार्ग पर स्थित सुखानदी का पुराना रपटा तेज बहाव में बह गया। वहीं, चिखली नदी पर अधूरा पड़ा पुल ग्रामीणों के लिए नई और खतरनाक मुसीबत बन गया है। कर दिया गया, जिसके बाद से यह काम पिछले दो साल से ठप पड़ा है।

इसी तरह, चिखली नदी पर 3 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा पुल भी धीमी रफ्तार का शिकार है। इसका निर्माण कार्य एनएन कंस्ट्रक्शन कंपनी को मार्च 2025 तक पूरा करना था, लेकिन यह भी अधूरा पड़ा है।

सड़क संपर्क टूटने के कारण ग्रामीणों को अब रायपुर जाने के लिए 30 से 40 किलोमीटर का लंबा चक्कर लगाना पड़ रहा है। भारी बारिश के चलते कई कच्चे मकान ढह गए हैं और छोटे नालों में भी बाढ़ जैसे हालात हैं। क्षेत्र के ग्रामीण ठेकेदारों और प्रशासन की इस लापरवाही को लेकर भारी आक्रोश में हैं। पूर्व मंडल अध्यक्ष जोरावर सिंह राजपूत ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि अमलीपदर के नवीन तहसील बनने के बाद भी सरकार ने इस क्षेत्र को विकास से वंचित रखा है। उन्होंने यहाँ तक कहा कि अगर यही हाल रहा तो लोगों को उड़ीसा में रहना बेहतर लगेगा।



### अधिकारी बोले: भुगतान में देरी, जल्द शुरू होगा काम

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क विभाग के ईई अभिषेक पाटकर ने देरी का कारण बताते हुए कहा कि मई और जून का भुगतान तकनीकी कारणों से अटका हुआ है। 'स्पर्श' सिस्टम लागू होने के कारण ठेकेदार के खाते में सीधे भुगतान में देरी हुई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि राशि क्लियर होते ही काम फिर से शुरू होगा। फिलहाल उन्होंने ठेकेदार को सीढ़ी वाली स्थिति पर तुरंत संज्ञान लेने के निर्देश दिए हैं।

### करोड़ों के पुल अधूरे ठेकेदार गायब

बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव ने कहा की बार-बार चेतावनी के बावजूद ठेकेदार ने बारिश से पहले पुल का निर्माण पूरा नहीं किया। अमलीपदर क्षेत्र के दो पुल अधूरे पड़े हैं। इस मुद्दे को विधानसभा में उठाया जाएगा। बारिश ने एक बार फिर विकास के दावों की पोल खोल दी है। करोड़ों के पुल अधूरे हैं, ठेकेदार गायब हैं और जनता जान जोखिम में डालकर रोज नदी पार कर रही है। सवाल अब यह है कब बनेगा यह पुल, और क्या तब तक किसी की जान की कीमत नहीं चुकानी पड़ेगी।

## खबर संक्षेप

### उप सरपंच संघ छुरा की बैठक 11 को

**छुरा।** जनपद पंचायत छुरा विकासखंड के उप सरपंच संघ की एक आवश्यक बैठक बुलाई गई है। यह बैठक आगामी 11 अक्टूबर, दिन शनिवार को आयोजित की जाएगी। बैठक का आयोजन विश्रामगृह (गेस्ट हाउस) छुरा में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक रखा गया है। संघ द्वारा जारी सूचना के अनुसार, इस महत्वपूर्ण बैठक में उप सरपंचों की गतिविधियों और उनसे संबंधित अन्य विभिन्न विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की जाएगी। संघ के पदाधिकारियों ने विकासखंड के सभी उप सरपंचों से प्रार्थना की है कि वे समय पर बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर चर्चा में सहयोग करें।

### बस आगे बढ़ा दी, गिरने से हुई यात्री की मौत

**महासमुंद।** चालक द्वारा बस को लापरवाही पूर्वक तेज गति से आगे बढ़ाने के चलते वाहन से उतर रहे एक यात्री की गिरने से मौत हो गई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध बसना थाने में जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## अधेड़ ने लगाई फांसी, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

छुईहा बेलर के समीपस्थ ग्राम जमाही में मंगलवार को एक दुखद घटना सामने आई है, जहां लम्बे समय से खराब स्वास्थ्य से परेशान रजाऊ राम ध्रुव (उम्र लगभग 50 वर्ष) नामक अधेड़ व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से पूरे गाँव और परिवार में मातम छा गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक रजाऊ राम ध्रुव का स्वास्थ्य लंबे समय से ठीक नहीं चल रहा था। परिवार के सदस्यों ने बताया कि घटना से कुछ समय पहले ही उनकी पुत्री अस्पताल से उनका इलाज कराकर लौटी थी। इसी दौरान रजाऊ राम ध्रुव घर से कब बाहर निकले, इसकी किसी को भनक तक नहीं लगी। आत्महत्या का यह दुःखद घटना स्थल ग्राम जमाही से छुईहा रोड पर महज एक किलोमीटर की दूरी पर स्थित साजा पेड़ के पास है। परिजनों को जैसे ही रजाऊ राम के फांसी पर झूलने की सूचना मिली, उनके होश उड़ गए। मृतक के पुत्र जागेश ध्रुव ने तत्काल थाना फिंगेश्वर पहुंचकर घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी गौतम धावड़े के निर्देश पर पुलिस बल तुरंत मौके पर पहुंचा। पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक पंचनामा की कार्यवाही पूरी की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। मृतक रजाऊ राम ध्रुव अपने क्षेत्र में 'बेंजो मास्टर' के नाम से जाने जाते थे और संगीत के काफी शौकीन थे। उनके निधन से पूरे गांव में शोक का माहौल व्याप्त है। मृतक के परिवार में अब दो अविवाहित पुत्र और एक पुत्री हैं। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

## चाकू लहराकर डराने वाला आरोपी गिरफ्तार

**गरियाबंद।** थाना गरियाबंद पुलिस ने तेज़ कार्रवाई करते हुए धारदार नुकिला चाकू लहराकर लोगों को डराने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चाकू और एक मोटरसाइकिल भी जब्त की है। मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम दर्रीपारा के बुढ़ा देव मंदिर के पास एक व्यक्ति के द्वारा लम्बा धारदार चाकू रखकर लोगों को डराने-धमकाने की सूचना थाना प्रभारी को मिली। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ने तत्काल टीम गठित कर मौके पर दबिश दी। मौके पर एक व्यक्ति हाथ में काले रंग का मुठ लगा नुकिला चाकू लहराते हुए दिखाई दिया, जो पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी की पहचान अफरोज मेमन पिता अब्दुल करीम भाई मेमन (40 वर्ष), निवासी बारूला, थाना गरियाबंद के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक धारदार चाकू और मोटरसाइकिल पैशन प्रो (सीजी 04 बीक्यू 3853), जिसकी कीमत लगभग 25,000 बताई जा रही है, जब्त की। आरोपी के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।





प्रस्तुति- श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं.-79871-24123

## खबर संक्षेप



### साहू समाज परिक्षेत्र कौंदकेरा के अध्यक्ष बने युगल किशोर

**फिंगेश्वर।** छत्तीसगढ़ साहू संघ के आदेशानुसार पूरे छत्तीसगढ़ में ग्रामीण साहू समाज से लेकर जिला तक नए पदाधिकारीयो का निर्वाचन किया जा रहा है, इसी कड़ी में साहू समाज परिक्षेत्र कौंदकेरा में बीते रविवार को तहसील साहू समाज के निर्वाचन अधिकारियों के सानिध्य में चुनाव सम्पन्न हुआ, जिसमें युगल किशोर साहू तर्रीघाट वाले ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को मात्र 3 वोटों से मात देकर अध्यक्ष पद में निर्वाचित हुए। इसके साथ ही उपाध्यक्ष पद के लिए रजऊ साहू भैसातरा, महिला उपाध्यक्ष पद के लिए धर्मिन साहू देवरी, संगठन सचिव राजेन्द्र साहू बेलटुकरी, संगठन महिला सचिव दुर्गा साहू परतेवा नव निर्वाचित हुए। इस अवसर पर परिक्षेत्र कौंदकेरा के साहू समाज के सैकड़ो सामाजिक बन्धु मौजूद रहे सभी ने नए पदाधिकारियों पुष्प गुलाल लगाकर बधाई दी।

### बिरीघाट हाईस्कूल में सायबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**मैनपुर।** बिरीघाट हाईस्कूल में सायबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान थाना अमलीपदर के टीम द्वारा ऑनलाइन धोखाधड़ी जैसे अनचाहे लिंक को डाउनलोड न करने, किसी भी शर्त में अपने ओटीपी शेयर न करने, अपने बैंक खातों किराए से दूसरों को न देना, डिजिटल अरेस्ट जैसे कोई चीज नहीं होती किसी के ऊपर में मामला बनता है तो सीधे पुलिस आकर उस मामले की समीक्षा करती है । इन सभी फ्रॉड के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही उन्होने यह भी बताया कि किसी भी प्रकार की साइबर अपराध होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 में फोन कर शिकायत दर्ज कराने को बताया गया। सभी छात्र-छात्राओं को अपने खाते के नियमित जांच करने, अपने एटीएम का ओटीपी शेयर ना करने, ऑनलाइन शॉपिंग करते समय सावधानियां बरतने, ऑनलाइन जॉब के झांसे में न आने जैसे अन्य साइबर फ्रॉड के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। सरपंच जयराम मांझी एवं महिला पंच पार्वती मांझी, सुशीला मांझी सहित स्कूल के छात्र-छात्राएं उपस्थिति रही।

### छुरा में आयुष स्वास्थ्य शिविर और पोषण माह का आयोजन आज

**छुरा।** जिला आयुर्वेद अधिकारी गरियाबंद के तत्वावधान में, संचालनालय आयुष छत्तीसगढ़ शासन रायपुर के मार्गदर्शन में 8 अक्टूबर को छुरा में एक महत्वपूर्ण विकासखण्ड स्तरीय निःशुल्क 'आयुर्वेद एवं होम्योपैथी स्वास्थ्य शिविर तथा पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर सुबह 10.00 बजे से संध्या 4.00 बजे तक सांस्कृतिक भवन छुरा में आयोजित होगा। इस स्वास्थ्य शिविर का मुख्य उद्देश्य कठिन एवं पुराने रोगों से जूझ रहे लोगों को अनुभवी आयुर्वेद और होम्योपैथी चिकित्सकों के माध्यम से निःशुल्क परामर्श और उपचार उपलब्ध कराना है। शिविर में सभी प्रकार के पुराने वात रोग जैसे आमवत, संधिवात, सायटिका, गठिया, जोड़ों का दर्द, बवासीर, दमा, श्वास, पुरानी खांसी, जुकाम, सिर दर्द, चर्म रोग, एक्जीमा, मधुमेह (डायबिटीज), पेट की बिमारियों (पेट का जलन, गैस दर्द, कब्ज, आंव), कमर या पेट का दर्द, छाले आदि सभी रोगों का उपचार किया जाएगा। सभी रोगों के लिए परामर्श और इलाज पूरी तरह से निःशुल्क रहेगा। शिविर में मरीजों की सुविधा के लिए बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन और मलेरिया जांच की सुविधा भी निःशुल्क उपलब्ध रहेगी। पोषण माह के अंतर्गत, लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए पोषक खाद्य पदार्थों की प्रदर्शनी, साथ ही महिलाओं और बच्चों के लिए गोद भराई एवं अन्नप्राशन जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। **स्वस्थ जीवन के लिए सुझाव**-आयोजकों द्वारा स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन के लिए कुछ महत्वपूर्ण जीवनशैली संबंधी सुझाव भी दिए गए हैं, जिनमें प्रातः खाली पेट आधा से एक लीटर तांबे के बर्तन (ताम्रपात्र) का जल पीना, शौच के पश्चात योगासन, प्राणायाम एवं सूर्य नमस्कार का अभ्यास करना, स्नान के बाद ध्यान एवं प्रार्थना तथा सदसाहित्य का स्वाध्याय करना और शौचालय का नियमित प्रयोग करना शामिल है।

**अयोजन :** बाल ब्रह्मचारी बच्चों के स्वस्तिवाचन से धार्मिक माहौल, छत्तीसगढ़ी कलाकार सुनील तिवारी का रंगारंग कार्यक्रम

# ब्राम्हण समाज अन्य समाज को धर्म के रास्ते पर ले जाने संस्कारित करता है : विधायक इंद्रकुमार







हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नवापारा ब्राह्मण समाज द्वारा शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर सोमवार को वृंदावन हॉल में एक गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक इंद्रकुमार साहू का समाज ने फूल-मालाओं से शानदार स्वागत किया। मंच पर पहुंचते ही विधायक इंद्रकुमार साहू ने भगवान परशुराम के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान, पंडित दिनेश तिवारी और संतोष मिश्रा की अगुवाई में ब्रह्मचर्य आश्रम के 73 बाल ब्रह्मचारी बच्चों ने स्वस्तिवाचन कर पूरे माहौल को धर्ममय बना दिया। देर रात तक छत्तीसगढ़ी कलाकार सुनील तिवारी का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी चलता रहा। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष ओम कुमारी -संजय साहू, मंडल अध्यक्ष नागेन्द्र वर्मा, मुकेश ढीढी, आर बी शर्मा, डॉ ए के शर्मा, उमेश शर्मा, सनत शर्मा, कैलाश शुक्ला, युवराज पांडे, श्यामकिशोर शर्मा, ज्ञानेश शर्मा, अनंत पुराणिक, अजय तिवारी, मनहरण शर्मा, गुड्डू मिश्रा, कैलाश तिवारी, शिव तिवारी, अंकित शर्मा, आशीष दीवान, हिमांशु दुबे, मुन्ना मिश्रा, प्रशांत मिश्रा, पीयूष शर्मा, विकास तिवारी, सुनील तिवारी, चंद्रशेखर मिश्रा, अजय शुक्ला, तुषार तिवारी, आशीष अवस्थी, असीम दुबे, गौतम शर्मा, ललित पांडे, सचिन तिवारी। राजनीतिक एवं प्रशासनिक व्यक्तिः नगर पालिका के पूर्व नेता प्रतिपक्ष प्रसन्न शर्मा, नगर पालिका के पूर्व सभापति रमेश तिवारी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शर्मा। ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी राजिम ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा। महिला सदस्य कस्तुरी तिवारी, सुभाषिनी शर्मा, रेखा तिवारी, सुअंजना उपाध्याय, अनामिका तिवारी, तनु मिश्रा, रश्मि तिवारी, किरण तिवारी, सोमा शर्मा, प्रतिभा शर्मा, पदमा दुबे, मनीषा शर्मा, संध्या शर्मा, प्रीति पांडे, रानी मिश्रा, रेणुका तिवारी, पूनम दीवान, किरण तिवारी, रुचि शर्मा, पुष्पांजलि तिवारी, नीरजा पांडे, तारणी शर्मा, कौमुदी शर्मा, रेखा शुक्ला, कुमुदनी शर्मा, सेजल शर्मा, कुमुद पुराणिक, वत्सला शर्मा, तारणी शर्मा, कुमारी शर्मा, नेहा शर्मा, देव कुमारी मिश्रा, योगिता दुबे, उमा शर्मा, अनिमा मिश्रा, सुनीता शर्मा, अमिता शर्मा, स्मृति शर्मा, स्मिता शर्मा, ममता मिश्रा, भावना शर्मा, मुक्ता शर्मा, विद्या तिवारी, वंदना शर्मा, पूनम दुबे, पूनम पांडे, पुष्पलटा दुबे, हितेश्वरी द्विवेदी, वंदना दुबे, प्रतिभा शर्मा, वर्षा तिवारी, बरखा तिवारी, वर्षा मिश्रा, रानी पांडे, सीमा शर्मा, प्रीति शर्मा, शताक्षी शर्मा, ममता शर्मा, सरोज शर्मा सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

### ब्राह्मण समाज शिक्षा के क्षेत्र में काफी आगे है : विधायक साहू

इस अवसर पर हजारों की संख्या में मौजूद समाज के लोगों को शरद पूर्णिमा की बधाई देते हुए विधायक इंद्रकुमार साहू ने ब्राह्मण समाज की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि यह समाज शिक्षा के क्षेत्र में काफी आगे है। श्री साहू ने कहा कि ब्राह्मण समाज इस पवित्र अवसर पर अपने समाज सहित अन्य समाजों के उत्थान के लिए चर्चा करता है, जो बहुत अच्छी बात है।

विधायक साहू ने भारत के विकास में ब्राह्मण समाज के बड़े योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि /"यह समाज सभी समाजों का मार्गदर्शन करता है, जिस पर हम सभी को गर्व है। उन्होंने कामना की कि भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी का आशीर्वाद सब पर बना रहे, और सामाजिक समरसता व भाईचारा कायम रहे। उन्होंने स्वयं को बेटा, भाई समझते हुए आशीर्वाद और सहयोग बनाए रखने का आग्रह किया और सदैव उनके साथ रहने का आश्वासन दिया।

### भगवान चंद्रदेव सभी को सुख-समृद्धि से भर दें : संतोष उपाध्याय

राजिम के पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने कहा कि वे भगवान चंद्रदेव से प्रार्थना करते हैं कि वे अपनी सोलह कलाओं से परिपूर्ण होकर ब्राह्मण समाज सहित अन्य समाज को धनधान्य और सुख-समृद्धि से भर दें। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज सदैव से सामाजिक समरसता का पक्षधर रहा है, अतः समाज के लोग समरसता का वातावरण बनाने में अपना योगदान दें।

### नारी शक्ति के चेहरे पर मुस्कान है तो वह घर स्वर्ग है : ललित मिश्रा

कार्यक्रम में विशेष रूप से मौजूद सर्व ब्राह्मण समाज के प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा ने मातृशक्तियों की अच्छी संख्या देखकर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि /"यदि घर में नारी शक्ति के चेहरे पे मुस्कान है तो वह घर स्वर्ग के समान है। उन्होंने ब्राह्मण समाज से नारी शक्तियों का हमेशा सम्मान करने का आग्रह किया। कार्यक्रम का संचालन नगर पालिका परिषद के पूर्व नेता प्रतिपक्ष प्रसन्न शर्मा ने किया, जिन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज सर्वसमाज को लेकर चलने वाला और हर समाज के प्रति सद्भावना व प्रेम का वातावरण रखने वाला समाज है। उन्होंने छत्तीसगढ़वासियों की खासियत बताते हुए कहा कि हम सब समरसता और भाईचारे की भावना के साथ एक-दूसरे के सुख-दुख में साथ खड़े होते हैं।

# नगर में 3 स्थानों से पथ संचलन निकला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष समारोह के अवसर पर नगर में 3 स्थानों से पथ संचलन निकला। नगर को 3 बस्तियों में बांटा गया जिसमें श्री गायत्री मंदिर, सरस्वती शिशु मंदिर एवं साहू छात्रावास। इन तीनों बस्तियों में विजयादशमी पर्व का उत्सव मनाया गया। बाबा गुरू घासीदास जी बस्ती क्रमांक 1 में मुख्य वक्ता नागेंद्र वशिष्ठ, मुख्य अतिथि सुभाष शर्मा, राजीव लोचन बस्ती क्रमांक 2 में मुख्य वक्ता गोपाल यादव, मुख्य अतिथि मुरली मनोहर थवानी, मां महामाया बस्ती क्रमांक 3 में मुख्य वक्ता टोकेश साहू, मुख्य अतिथि आलोक शर्मा रहे। यह संचलन नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए अपने निर्धारित स्थानों में पहुंचा। नगर के मुख्य मार्गों एवं चौराहों में विभिन्न सामाजिक संगठनों, व्यापारियों के साथ ही नागरिको ने पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। संचलन में 60 वर्ष के पार के वरिष्ठ स्वयंसेवकों के साथ कम उम्र के बाल स्वयंसेवक भी सम्मिलित हुए। विधायक रोहित साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, सभापति आकाश राजपूत, पार्षद सुरेश पटेल, भारत यादव, अजय पटेल संजु सोनकर, इंद्रकुमार महाड़िक सहित स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में उपस्थित हुए। लाला साहू, टंकू सोनकर, प्रवीण पुष्पाकर, रेणु सेन और अरविंद गुप्ता अन्य नागरिकों के साथ संचलन का पुष्पवर्षा के साथ स्वागत करते रहे। दी गईजानकारी के मुताबिक नगर संघ चालक अजय साव, नगर कार्यवाह नामदास लहरे, सह कार्यवाह सुरेश यादव, व्यवस्था प्रमुख भारत सिंह, बस्ती प्रमुख तुषार कदम, योगेंद्र सिंह, रिकेश साहू पूरे कार्यक्रम की व्यवस्था किए।





## बारिश के बाद वनांचल क्षेत्र में छाने लगा कोहरा...



मैनपुर। गरियाबंद जिले के वनांचल मैनपुर क्षेत्र में झमाझम बारिश के बाद अब सुबह कोहरा छाने लगी है। मंगलवार सुबह 9 बजे तक मैनपुर क्षेत्र में चारों तरफ कोहरा ही कोहरा नजर आ रहा था।



## दशहरा पर्व पर राजा निलेन्द्र से सहायक आयुक्त ने भेंट की

**फिंगेश्वर।** नगर के शाही दशहरा पर सहायक आयुक्त सहकारिता एंव सहायक पंजीयक जिला गरियाबंद कुमारी माहेश्वरी तिवारी ने शाही महल पहुंचकर राजा निलेन्द्र बहादुर सिंह से सौजन्य मुलाकात कर दशहरा की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सहायक विस्तार अधिकारी एमआर गड़तिया, समिति प्रभारी मनोज साहू, आपरेटर मनीष देवांगन, मुकेश सिन्हा उपस्थित थे।

# राजिम में केंद्रीय विद्यालय स्थापना के लिए सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



राजिम मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू ने प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव से मुलाकात कर धर्मनगरी राजिम में केंद्रीय विद्यालय स्थापना के लिए ज्ञापन सौंपा। बताया कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नए जिलों में केंद्रीय विद्यालय खोले जाने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। ऐसे में जिला गरियाबंद के धार्मिक एवं सांस्कृतिक केंद्र राजिम को प्राथमिकता में शामिल किया जाना चाहिए। कहा कि राजिम मेला और त्रिवेणी संगम के कारण यह नगर न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि पूरे प्रदेश से विद्यार्थी यहां आते हैं। किंतु गुणवत्तापूर्ण शिक्षा संस्थान के अभाव में बच्चों को पलायन करना पड़ता है। यदि राजिम में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना होती है, तो गरियाबंद जिले एवं आसपास के ग्रामीण अंचलों के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा सुविधाएं प्राप्त होंगी और क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होगा। ज्ञापन देने के समय छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के संभाग अध्यक्ष रामनारायण मिश्रा, अशोक मिश्रा, राजेश परमार, भरत यादव, मोहनीश ठाकुर, लेखराम ध्रुव, दीपक साहू मौजूद रहे।

**बारिश के कारण देर से निकली सवारी, पूर्व मंत्री धनेन्द्र ने की राजा से मुलाकात**

# फिंगेश्वर में राजा दशहरा महोत्सव, शाही सवारी पर उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

नगर का पारंपरिक राजा दशहरा महोत्सव 5 अक्टूबर को राष्ट्रीय दशहरा पर्व के तीन दिन बाद, इस वर्ष भी धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह प्राचीन पारंपरिक पर्व हर साल इसी क्रम में आयोजित किया जाता है। पर्व की सुबह, राजा निलेन्द्र बहादुर सिंह और उनके परिवार ने नगर के मौली माता मंदिर, श्री पंचमंदिर, श्री बालाजी मंदिर, श्री फणीकेश्वरनाथ मंदिर सहित अपने कुल देवी-देवताओं की पूजा और दफ्तर पूजा कर कार्यक्रम की शुरुआत की। राजा दशहरा देखने के लिए नगर में राजमहल रोड पर एक दिन पहले से ही दुकानें सजनी शुरू हो गई थीं। दशहरा के दिन मिठाई, फैंसी आइटम, खिलौने, चाट, फोटो फ्रेमिंग, कपड़े, जूते-चप्पल, पान की दुकानें, मिकी माउस झूला और आइसक्रीम का लोगों ने भरपूर आनंद लिया। चौक-चौराहों पर जिला एवं स्थानीय पुलिस बल यातायात और सुरक्षा व्यवस्था संभालते रहे। दिन में बारिश न होने के कारण भीड़ में धीरे-धीरे वृद्धि होने लगी और श्रद्धालुओं ने मौली माता सहित सभी मंदिरों में पहुंचकर भगवान के दर्शन किए।





**नेताओं ने दी राजा को बधाई-** इस अवसर पर, कांग्रेस के पूर्व मंत्री एवं पूर्व अभनपुर विधायक धनेन्द्र साहू अपने कार्यकर्ताओं के साथ राजमहल पहुंचे और राजा निलेन्द्र बहादुर सिंह को गुलदस्ता भेंट कर दशहरा पर्व की बधाई दी। उन्होंने शाल-श्रीफल से राजा का सम्मान किया। इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ओमप्रकाश बंछोर, डोंगर सिंह मरकाम, जितेन्द्र सिंह ठाकुर, नोसराम साहू, रामूराम साहू, मनीष हरित, सुखदेव साहू सहित बड़ी संख्या में नागरिक शामिल रहे।

**बारिश के बाद निकली शाही सवारी-** रात में फुलवारी के पास नाचा कार्यक्रम प्रारंभ हुआ, जिसका लोगों ने आनंद लिया। इसी बीच, रात लगभग 9:30 बजे बूंदा-बांदी के साथ बारिश शुरू हुई और जल्द ही उसने तेजी पकड़ ली, जिससे लोगों में बारिश से बचने के लिए अफरा-तफरी मच गई और उन्होंने सुरक्षित स्थानों पर शरण ली। बारिश थमने पर, लगभग रात 11 बजे राजा की शाही सवारी राजमहल से निकली। इस सवारी में राजा निलेन्द्र बहादुर सिंह और युवराज आदित्येन्द्र बहादुर सिंह शामिल हुए। इस दौरान जमकर आतिशबाजी हुई और भगवान श्रीराम के नारे लगे, जिसके साथ दशहरा पर्व के कार्यक्रम के समापन की घोषणा हुई। इस सफल आयोजन में मंदिर ट्रस्ट कमेटी के ट्रस्टी शिवकुमार सिंह ठाकुर, आनंद सिंह ठाकुर, रमेन्द्र सिंह ठाकुर, पंकज शर्मा, रवि तिवारी सहित ट्रस्ट के कर्मचारी गण एवं नगर वासियों का सराहनीय सहयोग रहा।

**विरोध : कोडोहरदी में शराबी प्रधान पाठक से परेशान ग्रामीण**

# जिले में ताला दिवस, दो सरकारी विद्यालयों में ग्रामीणों ने जड़े ताले







हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले में शिक्षा व्यवस्था इन दिनों सवालों के घेरे में है, जिसकी पोल मंगलवार को खुली जब एक ही दिन में दो अलग-अलग सरकारी स्कूलों पर ग्रामीणों ने ताले जड़ दिए। दोनों घटनाओं का मूल कारण शिक्षा विभाग की लापरवाही और व्यवस्था की नींद है। पहला मामला कोडोहरदी प्राथमिक स्कूल का है। यहां ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि स्कूल के प्रधान पाठक बच्चों को पढ़ाने के बजाय शराब पीने पर अधिक ध्यान देते हैं। ग्रामीणों के अनुसार, शिक्षक की उपस्थिति क्लासरूम से ज्यादा शराब दुकान के आसपास देखने को मिलती है। बार-बार शिकायत करने और समझाने के बावजूद जब शिक्षक नहीं सुधरे, तो ग्रामीणों ने मंगलवार को स्कूल के गेट पर ताला लगा दिया। ग्रामीणों का स्पष्ट कहना है कि जब शिक्षक नहीं आएंगे तो स्कूल ही बंद कर देंगे।दूसरा मामला कांटीदादर मिडिल स्कूल का है। यहां छठीं से आठवीं तक की तीन कक्षाओं के बच्चों की पढ़ाई का जिम्मा सिर्फ एक ही शिक्षक के कंधों पर है। ग्रामीणों ने कई बार शिक्षा विभाग को पत्र लिखकर अतिरिक्त शिक्षक भेजने की मांग की, लेकिन हर बार उन्हें प्रक्रिया में है जैसा टालमटोल भरा जवाब मिला। प्रशासन के उदासीन रवैये से तंग आकर ग्रामीणों ने गुस्से में आकर स्कूल के मुख्य द्वार पर ताला लगा दिया।

## कांटीदादर में एक शिक्षक से तीन कक्षाएं चलने पर फूटा गुस्सा

**विभाग की लापरवाही पर उठे सवाल-** दोनों मामलों में ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग केवल आश्वासन देता रहा, लेकिन न तो नशे में डूबे प्रधान पाठक पर कोई ठोस कार्रवाई हुई और न ही कांटीदादर में कोई नई नियुक्ति की गई। ग्रामीणों ने मांग की है कि विभाग तत्काल दोनों स्कूलों में सुधारात्मक कदम उठाए ताकि बच्चों की पढ़ाई फिर से शुरू हो सके। अब सवाल यह है कि बच्चों की किताबें कब खुलेंगी जब ताले टूटेंगे या जब शिक्षा विभाग की नींद टूटेगी?

# आईएसबीएम विश्वविद्यालय में जलवायु परिवर्तन व वन्यजीव पर विशेष व्याख्यान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

आईएसबीएम विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय द्वारा /"जलवायु परिवर्तन और वन्यजीव पर उसका प्रभावः चुनौतियाँ एवं संरक्षण रणनीतियां विषय पर एक विशेष अतिथि व्याख्यान श्रृंखला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण, वन्यजीवों के प्रति संवेदनशीलता और जलवायु परिवर्तन की वैज्ञानिक समझ को बढ़ाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना और अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। डॉ. पूनम वर्मा, विभागाध्यक्ष, जैव प्रौद्योगिकी एवं सूक्ष्मजीवविज्ञान विभाग ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। डॉ. पी. विश्वनाथन, अधिष्ठाता (विज्ञान संकाय) ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में पशुओं के महत्व और खाद्य श्रृंखला की अवधारणा को सरल ढंग से समझाया। उन्होंने प्रकृति के पारस्परिक संबंध की गहनता को स्पष्ट करते हुए कहा, "पेड़ नहीं होंगे तो पशु नहीं होंगे, और पशु नहीं होंगे तो पेड़ नहीं होंगे।" डॉ. शुभाषिस विश्वास, छात्र कल्याण अधिष्ठाता ने विद्यार्थियों से संरक्षण को व्यावहारिक रूप में अपनाने का आग्रह किया और बताया कि पशु दिवस क्यों मनाया जाता है। कुलसचिव डॉ. बीपी भोल ने भी 'संरक्षण संबंधी गतिविधियों में छात्र सहभागिता' पर प्रेरक उद्बोधन देते हुए इसे सच्ची जिम्मेदारी और सामाजिक योगदान का प्रतीक बताया। मुख्य अतिथि वक्ता डॉ. हेमेन्द्र साहू, सहायक प्राध्यापक (प्राणीशास्त्र), शासकीय कचना धूर्वा महाविद्यालय, छुरा ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि जलवायु परिवर्तन का प्रमुख कारण स्वयं मानव है, जिसके कारण वन्यजीव आवास, जैव विविधता और पर्यावरणीय संतुलन पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने संरक्षण नीति, वैज्ञानिक अनुसंधान और सामुदायिक सहभागिता की आवश्यकता पर विशेष बल दिया।

डॉ. एन.के. स्वामी, डीन अकादमिक एवं आईक्यूएसी निदेशक ने 'शैक्षणिक गतिविधियों में छात्र सहभागिता' पर जोर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे अपने ज्ञान और कौशल का उपयोग केवल अध्ययन तक सीमित न रखें, बल्कि सामाजिक, पर्यावरणीय एवं राष्ट्रीय विकास में भी करें। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आनंद महलवार, कुलसचिव डॉ. बी.पी. भोल, डीन अकादमिक डॉ. एन.के. स्वामी सहित विज्ञान संकाय के सभी वरिष्ठ शिक्षकगण एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन और धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम संयोजिका अन्नपूर्णा साहू, सहायक प्राध्यापक (प्राणीशास्त्र) द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों में पर्यावरणीय चेतना और संरक्षण की भावना को सुदृढ़ करने में अत्यंत प्रभावी सिद्ध हुआ।

## खबर संक्षेप



### परसदा में रोजगार दिवस एवं ग्राम सभा हुआ

**नवापारा-राजिम।** शासन की योजनानुसार प्रत्येक माह की 7 तारीख को मनाए जाने वाले रोजगार दिवस के अवसर पर मंगलवार को ग्राम परसदा में मुनादी कराकर ग्राम सभा का आयोजन किया गया। यह बैठक ग्राम पंचायत भवन में रखी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा गांधी और डॉ. भीमराव अंबेडकर के छायाचित्रों पर पूजा-अर्चना कर किया गया। इस अवसर पर सरपंच रमेश वर्मा, मनरेगा मेट टीकू यादव, सचिव रामचंद्र तारक और रोजगार सहायिका माधुरी साहू उपस्थित थे। इस ग्राम सभा में लगभग 35 परिवारों ने नए जॉब कार्ड के लिए आवेदन प्रस्तुत किए। ग्राम सभा में सर्वसम्मति से इन सभी आवेदनों को प्रस्ताव पारित कर स्वीकृत किया गया। इसके अतिरिक्त, वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए मनरेगा के तहत नए कार्यों के लिए भी प्रस्ताव पारित किए गए। इनमें मुख्य रूप से नाला सफाई, तालाब गहरीकरण, पक्का प्लेटफार्म निर्माण और कुआं निर्माण जैसे विभिन्न विकास कार्यों को प्राथमिकता दी गई। जनहित के कार्यों को गति देते हुए, सभा में सामाजिक सुरक्षा पेंशन और विधवा पेंशन जैसे महत्वपूर्ण योजनाओं के लिए भी प्रस्ताव पारित किए गए। इस अवसर पर सतनामी समाज के अध्यक्ष संत रामबारले, राम खिलवाड़े, प्रेम खुटियारे, राजेश साहू, तेजराम साहू, नरेंद्र साहू, ओमकार यादव, पप्पू साहू, रामचंद्र यादव, योगेश यादव, रवि तारक, मणिलाल साहू, पटवारी मुगल सिंह नागेश और ग्रामीण विस्तार अधिकारी ढेमान मंडले सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे।

# क्रिकेट प्रीमियर लीग में फिगेश्वरी बना चैंपियन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी ग्राम खरखरा में केसीसी के तत्वावधान में क्रिकेट प्रतियोगिता का सफल आयोजन संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में 32 टीमों ने अपने अपने खेलों का शानदार प्रदर्शन किया गया। इस क्रिकेट प्रीमियर लीग का फाइनल मुकाबला फिगेश्वरी और देवगांव के बीच खेला गया जिसमें फिगेश्वरी ने शानदार और कड़ी मेहनत कर देवगांव को हराकर इस प्रतियोगिता का चैंपियन बना। जबकि दूसरे स्थान पर देवगांव, तीसरे स्थान पर खरखरा और चतुर्थ स्थान सिवनी को प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम का शुभारंभ के मुख्य अतिथि के रूप में हेमचंद देवांगन डायरेक्टर संकल्प मिशन छग, सरपंच लताबाई ध्रुव, उपसरपंच, सहित ग्राम प्रमुख उपस्थित थे। इस दौरान हेमचंद देवांगन ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिता के आयोजन से गांव की प्रतिभा निकालकर सामने आती है। प्रत्येक युवा का अलग अलग अपना पसंदीदा क्षेत्र होता है। युवा अपने पसंदीदा क्षेत्र में पूरी कड़ी मेहनत कर अपने सपनों को साकार करते हैं। सरपंच लता ध्रुव ने कहा प्रतियोगिता या अनेक क्षेत्र में आगे बढ़कर अपने गांव जिला और देश का नाम रोशन करना चाहिए। समापन के अवसर पर आमंत्रित



अतिथियों द्वारा विजेता टीम को 11,111 रूपए सरपंच लता ध्रुव खरखरा एवं ट्राफी क्रिकेट क्लब द्वारा फिगेश्वरी टीम को प्रदान किया गया। वहीं द्वितीय पुरस्कार 6,666 रुपए एवं ट्राफी हेमचंद देवांगन डायरेक्टर संकल्प मिशन छग हास्पिटल द्वारा देवगांव टीम को दिया गया। तृतीय स्थान पाने वाले टीम खरखरा को 3,333 रुपए अशोक ठाकुर जनप्रतिनिधि जनपद पंचायत छुरा के प्रदत्त किया गया। चतुर्थ ईनाम पाने वाले टीम सिवनी को चुकेश कुमार साहू के द्वारा ट्राफी नवाजा गया। इस आयोजन में विशेष सहयोग करने वाले प्रेमलाल हरपाल, प्रीतम कुमार साहू, फलेन्द्र साहू, चंदन साहू, देवनारायण साहू, फगवा राम साहू, डॉ दिनेश साहू, अशोक ठाकुर, कुशल पटेल, छोटन लाल, रुपराम निषाद, सहित आस-पास क्षेत्र के कर्मचारी, जनप्रतिनिधि और ग्रामीण ने सहयोग प्रदान किया गया। सभी टीमों के खेल प्रेमियों ने टूर्नामेंट के आयोजन को ग्रामीण प्रतिभाओं के लिए एक बेहतर मंच बताया और कहा कि इस तरह के आयोजन से युवाओं में खेल के प्रति रूचि बढ़ेगी।

# प्रदेश के विकास में महिलाओं की अहम भूमिका : कौशल्या देवी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

सर्व यादव समाज के महिला प्रकोष्ठ द्वारा राजधानी रायपुर स्थित वृंदावन हॉल में एक भव्य प्रदेश स्तरीय महिला सम्मेलन का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक आयोजन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में महिलाएं, निर्वाचित जनप्रतिनिधि और समाज की पदाधिकारी उत्साहपूर्वक शामिल हुईं। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रदेश की वरिष्ठ जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी कौशल्या देवी साय थीं, जिन्होंने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन से महिलाओं का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करूणा मधुसूदन यादव ने की, जबकि मंजू राकेश यादव अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथियों में बलौदा बाजार की जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, पलारी की जनपद अध्यक्ष सविता भीम यादव, राजनांदगांव की जिला पंचायत सदस्य जागृति यादव एवं नगर पंचायत लेदरी महेंद्रगढ़ की पूर्व अध्यक्ष सरोज यादव शामिल थीं।

**महिलाओं के बिना विकास अधूरा : कौशल्या-** मुख्य अतिथि कौशल्या देवी साय ने अपने उद्बोधन में जोर देते हुए कहा, प्रत्येक समाज, प्रदेश और देश के विकास में महिलाओं की भूमिका सबसे अहम होती है। जब तक महिलाओं को साथ लेकर नहीं चला जाएगा, तब तक विकास अधूरा रहेगा। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं घर से लेकर शासन-प्रशासन तक हर क्षेत्र में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। उन्होंने प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने 'महतारी वंदन योजना' को प्रमुख बताया, जिसके तहत महिलाओं को प्रतिमाह 1000 की आर्थिक सहायता दी जा रही है। उन्होंने अविवाहित, विधवा और परित्यक्ता महिलाओं के लिए संचालित अन्य लाभकारी योजनाओं का भी जिक्र किया। कौशल्या साय ने 'महतारी सदन' की स्थापना की पहल की जानकारी देते हुए कहा कि इन सदनों में महिलाएं बैठकर अपने विकास, शिक्षा, स्वावलंबन और सामाजिक मुद्दों पर चर्चा कर सकेंगी। उन्होंने नागरिकों से शासन की योजनाओं का लाभ लेने और विकास की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की।

**भारी संख्या में जुटी महिलाएं-** कार्यक्रम की अध्यक्ष करूणा मधुसूदन यादव ने बारिश और व्यस्तता के बावजूद बड़ी संख्या में महिलाओं के सम्मेलन में शामिल होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं राजनीति, शिक्षा, व्यापार या सामाजिक कार्य हर क्षेत्र में नेतृत्व कर रही हैं। सम्मेलन में देवभोग क्षेत्र की महिलाओं ने पारंपरिक लोक नृत्य के माध्यम से अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि कौशल्या देवी साय का अभिनंदन पुष्पमालाओं और शॉल-श्रीफल भेंट कर किया गया। इस अवसर पर बिलासपुर की गीता यादव, गरियाबंद की राधिका यादव, कोरबा की गीता यादव, धमतरी की मीनाक्षी यादव, बलौदा बाजार की पुष्पा यादव सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से आईं महिला पदाधिकारियों की उपस्थिति ने आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। सम्मेलन के अंत में, उपस्थित महिलाओं ने संकल्प लिया कि वे शासन की सभी योजनाओं से जुड़कर समाज और प्रदेश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएंगी। सर्व यादव समाज महिला प्रकोष्ठ की ओर से धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



**मैनपुर।** जिला पंचायत गरियाबंद के सदस्य लोकेश्वरी नेताम ने चौंकशील पहाड़ी में आयोजित कार्यक्रम में देर रात शामिल होकर आदिवासी संस्कृति और विकास पर चर्चा किया साथ ही कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

# नगर के समता क्लब की 57 वां स्थापना दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

नगर के स्थानीय समता क्लब ने अपना 57 वां स्थापना दिवस समता क्लब जिंदाबाद और समता क्लब अमर रहे के गगन भेदी नारों के साथ मनाया। क्लब के पदाधिकारियों ने क्लब की स्थापना एवं उपलब्धि पर चर्चा कर मिठाई बांट कर खुशिया मनाई। उल्लेखनीय है कि आज से 57 वर्ष पहले 4 अक्टूबर 1968 को संस्था के संस्थापक घनश्याम यदु ने समता क्लब की स्थापना की थी।इसका उद्देश्य सेवा,सहयोग और मनोरंजन है वस्तुतः यह संस्था सामाजिक सांस्कृतिक और धार्मिक भावना से कार्य करती रही है। सब मिलजुल कर कार्य करें सब मिलजुल कर गांव की भी उन्नति में सहयोग दें। इसी भावना से इस संस्था का नाम संस्थापक यदु ने समता क्लब रखने का प्रस्ताव दिया था जिसे तत्कालीन सभी लोगों ने एक मत से स्वीकार किया था।सर्वप्रथम इस शुभ अवसर पर संस्था के संस्थापक घनश्याम यदु ने समता क्लब के क्रीड़ा ध्वज का नारों के बीच उत्तोलन किया।अपने उद्बोधन में यदु ने बताया कि पहले इस संस्था के केवल 11 सदस्य थे। आगे चलकर यह संस्था 80 तक पहुंची। समता क्लब की क्रियाकलापों और समता नाम से प्रभावित होकर रायपुर आकाशवाणी केंद्र से प्रतिनिधिमंडल फिंगेश्वर पहुंचा था और संस्थापक



यदु से विभिन्न प्रश्नों के माध्यम से जानकारी ली जिसे आकाशवाणी रायपुर केंद्र से प्रसारित किया गया था। संस्थापक घनश्याम यदु ने समता क्लब के संस्थापक सदस्यों रामेश्वर ठाकुर, यदुनंदन श्रीवास, स्वर्गीय भोला यदु, सनत कुमार चौबे, भगवान सिंह पोर्ते, डॉक्टर राधेश्याम हरित, कृपाराम श्रीवास, वीरेंद्र दीपक, मोहन यदु आदि को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए याद किया। आगे अपना संस्मरण सुनाते हुए संस्था के निर्माण के इन 57 वर्षों के क्रियाकलाप पर प्रकाश डाला। इस संस्था ने इन वर्षों



में 13-14 बार राज्य एवं जिला स्तरीय वालीबॉल कबड्डी एवं टेबल टेनिस खेल का आयोजन किया। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के विभिन्न नगरों के अतिरिक्त उड़ीसा राज्य से भी खिलाड़ी यहां पर शामिल होते थे बताया। संस्था की स्थापना दिवस पर संस्था के अध्यक्ष भागवत हरित ने अपने विस्तृत विचार प्रकट किये।संचालन सचिव सोहन सेन ने तथा आभार प्रदर्शन अमृत यदु ने किया। आज इस संस्था का 50 डिसमिल क्रीड़ा मैदान और आहता युक्त एक भवन है। यह एक रजिस्टर्ड संस्था है। भवन में टेबल टेनिस एवं इनडोर गेम आदि संपन्न होता है। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष भागवत हरित, उपाध्यक्ष द्वय महेंद्र यदु एवं दूजलाल बंजारे, वरिष्ठ संस्थापक सदस्य डॉक्टर चंद्रशेखर हरित, क्रीड़ा सचिव अमित यदु,सचिव सोहन सेन, उप सचिव उमेश यदु, कोषाध्यक्ष नोस राम साहू, अंकेक्षक अशोक साहू, सांस्कृतिक सचिव रवि दत्त मिश्रा, उत्तम राजवंशी आदि उपस्थित थे।

# आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल में स्वामी आत्मानंद की मनाई गई जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

शासकीय राम विशाल पांडे उत्कृष्ट आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम विद्यालय में स्वामी आत्मानंद जयंती सांसद प्रतिनिधि सोमनाथ पटेल, संजीव साहू, राष्ट्रीय आईटी सेल प्रभारी विवेक शर्मा, प्राचार्य संजय एक्का की मौजूदगी में स्वामी आत्मानंद के चित्र पर पूजा अर्चना व माल्यार्पण के साथ किया गया। सांसद प्रतिनिधि सोमनाथ पटेल ने स्वामी आत्मानंद के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वामी आत्मानंद का जन्म 6 अक्टूबर 1929 को छत्तीसगढ़ के रायपुर जिला के बरबंदा गांव में हुआ था। उनके बचपन का नाम तुलेंद्र था, वह बचपन से ही बहुत ही मेघावी एकाग्र बुद्धि वाले थे, उन्होंने आईसीएस की परीक्षा में टॉप किया। रामकृष्ण मिशन और स्वामी विवेकानंद जी के विचारों से प्रभावित होकर अपना सारा जीवन





जन सेवा के लिए समर्पित कर दिया, शिक्षा और आदिवासियों के उत्थान के लिए आनेको कार्य किए हैं, इसलिए उन्हें छत्तीसगढ़ के आधुनिक शिक्षा के जनक माने जाते है। संजीव साहू ने कहा कि स्वामी आत्मानंद ने समाज सुधार के क्षेत्र में बहुत कार्य किए हैं, साथ ही वनांचल क्षेत्र में रहने वाले आदिवासियों के शिक्षा के लिए निरंतर प्रेरित करते रहे हैं। राष्ट्रीय आईटी सेल प्रभारी विवेक शर्मा ने कहा कि स्वामी आत्मानंद एक सामान्य व्यक्ति होते हुए अपने तेज बुद्धिमत्ता और समाज सेवा में अग्रणी होने के कारण केवल छत्तीसगढ़ में नहीं बल्कि पूरे भारत देश में बड़े सम्मान के साथ जाना जाता है और आज छत्तीसगढ़ के अंग्रेजी मीडियम स्कूलों का नाम स्वामी आत्मानंद के नाम से होना हम सबके लिए गौरव की बात है। प्राचार्य संजय एक्का ने कहा कि स्वामी आत्मानंद एक महान संत थे, उन्होंने जीवन पर्यंत लोगों की भलाई और सेवा के लिए निरंतर कार्य किए। बताया कि रामकृष्ण मिशन आश्रम में केवल छात्रों को ही शिक्षा प्रदान किया जाता था, स्वामी आत्मानंद के प्रयास से छात्राओं को भी शिक्षा पाने शिक्षा के अवसर प्रदान किए गए। कार्यक्रम के अंत में छात्र छात्राओं द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 12वीं की छात्रा सुहानी बंजारे ने किया, आभार व्यक्त ईशान साहू ने किया।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### किशोर जन्मदिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमो में शामिल होंगे

**नवापारा-राजिम।** 8 अक्टूबर को नवापारा शहर के युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन का जन्मदिवस है। जन्मदिवस के अवसर पर श्री देवांगन नगर में विभिन्न निजी कार्यक्रमो में शामिल होंगे। जन्मदिन की शुरूआत सुबह भगवान श्री कुलेश्वरनाथ महादेव के दर्शन से



करेंगे। इसके बाद विश्व शांति की कामना लिए नगर के गायत्री मंदिर में गायत्री परिवार और अपने समर्थकों की उपस्थिति में हवन करेंगे। उसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को फल वितरित करेंगे और नगर के सबसे वरिष्ठतम भाजपा कार्यकर्ताओं के घर जाकर उनका सम्मान करेंगे। इसके बाद आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों से मिलकर उन्हें पठन सामग्री और मिष्ठान्न बांटकर उनसे आशीर्वाद लेंगे। श्री देवांगन शाम को मां काली मंदिर में भक्तों व श्रद्धालुओं को खीर-पुड़ी का वितरण करेंगे व मां कर्मा मंदिर के सामने अपने मित्रगण व समर्थकों की उपस्थिति में केक काटेंगे। जानकारी के मुताबिक अपने प्रिय नेता किशोर देवांगन के जन्मदिवस को यादगार बनाने के लिए उनके समर्थको एवं भाजपा कार्यकर्ता जीजान से जुटे हुए है।

### स्कूलों का दो दिससीय सामाजिक अंकेक्षण कार्य प्रारंभ

**फिंगेश्वर।** मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान 2025 के तहत विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधार के लिए सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में गरियाबंद जिले में 07 एवं 08 अक्टूबर को जिले के सभी ब्लाको में प्राथमिक, मिडिल, हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में सामाजिक अंकेक्षण का कार्य किया जावेगा। विकासखंड स्त्रेत समन्वयक सुभाष शर्मा ने बताया कि सामाजिक अंकेक्षण अभियान के तहत कमजोर स्कूलों को ग्रेड दिए जाएंगे और उसकी गुणवत्ता सुधार के लिए विशेष कदम उठाए जाएंगे सामाजिक अंकेक्षण के अंतर्गत प्रत्येक विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता शिक्षण प्रक्रिया विद्यार्थियों की उपलब्धियां आधारभूत सुविधाएं और शिक्षक उपस्थित जैसे संकेतकों के आधार पर ग्रेडिंग की जाएगी। यह पारदर्शिता और उत्तरदायित्व की नई मिसाल होगी जो विद्यालय अपेक्षित गुणवत्ता तक नहीं पहुंच पा रहा है उनकी नियमित मानिटरिंग सुनिश्चित की जाएगी। यह कार्य न केवल शिक्षा विभाग द्वारा अन्य विभाग के अधिकारियों एवं अन्य स्थानीय जन प्रतिनिधियों,पालको के सहभागिता के साथ किया जाएगा। सामाजिक अंकेक्षण का आकलन एससीईआरटी, डीपीआई एवं समग्र शिक्षा द्वारा निर्धारित बिंदुओं पर आधारित है। सामाजिक अंकेक्षण के दौरान प्राप्त आंकड़ों से विद्यालय की ग्रेडिंग की जावेगी जिससे आने वाले समय में विद्यालय की शिक्षा गुणवत्ता में सकारात्मक सुधार की उम्मीद की जा सकती है।
अतः इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक पालकों एवं जनप्रतिनिधियों को उपस्थित होने की अपील की है।

### कलेक्टर विनय कुमार ने जनदर्शन में सुनी आम जनों की समस्याएं

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जन चौपाल मंव जिले के विभिन्न स्थानों से आए जनसामान्य की समस्याएं एवं शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुना। जन चौपाल में कुल 48 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर लंगेह ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों से जनसामान्य यहां आते हैं, उनकी समस्याओं का निराकरण करते उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित करना है। आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन प्रदान कर शीघ्र निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। जन चौपाल में ग्राम अछोला निवासी मोतीराम ने खरीफ फसल वर्ष 2025-26 में धान बिक्री के लिए पंजीयन के संबंध में आवेदन दिया।

**समस्या :** सरकडा गांव के लोगों ने तालाब में निस्तार के लिए पानी भरवाने की मांग की

# बारिश के बावजूद सूखा है 80 एकड़ का तालाब निस्तार और मवेशियों के लिए पानी का संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

छुरा विकासखंड के ग्राम सरकंडा के ग्रामीणों ने इस मानसून के बीत जाने के बावजूद सूखे पड़े तालाब की गंभीर समस्या को लेकर सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन सौंपा। ग्रामीणों के साथ ग्राम पंचायत सरकंडा के सरपंच और पंचगण भी मौजूद थे। ग्रामीणों ने कलेक्टर से जल्द से जल्द तालाब में निस्तार के लिए पानी भरवाने की गुहार लगाई है, क्योंकि सूखे के चलते निस्तार और मवेशियों के लिए पानी की भारी किल्लत हो गई है। ग्रामीणों ने अपने आवेदन में बताया कि ग्राम पंचायत सरकंडा, पटवारी हल्का-18 अंतर्गत पुराने खसरा नंबर 254, 476/1, 476/2, 477/1, 477/2 में लगभग 80 एकड़ क्षेत्र का एक विशाल तालाब स्थित है। यह तालाब दशकों से गांव के करीब 70-75 घरों के लिए जीवनरेखा रहा है और इसे ग्रामीणों ने वर्षों पहले श्रमदान से बनवाया था। लेकिन इस साल अच्छी बरसात होने के बावजूद यह तालाब पूरी तरह सूखा पड़ा है और धूल के मैदान में तब्दील हो गया है।



**बार-बार आवेदन के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई**

ग्रामीणों ने शिकायत की कि वे इससे पहले भी कई बार तहसीलदार और राजस्व विभाग के अधिकारियों को आवेदन दे चुके हैं, लेकिन उनकी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। थक-हारकर अब वे सामूहिक रूप से कलेक्टर से गुहार लगाने पहुंचे हैं। सरकंडा के सरपंच, पंचगण और बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सामूहिक हस्ताक्षर कर प्रशासन से जल्द से जल्द जलभराव की व्यवस्था करने की अपील की है, ताकि गांव में स्वच्छता बहाल हो और जनजीवन सामान्य हो सके।

**जलभराव न करने का आरोप-** ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि तालाब में जल भराव का कार्य राजीव दीवान नामक व्यक्ति को सौंपा गया था। हालांकि, ग्रामीणों का दावा है कि उन्होंने पाइप हटाकर तालाब में पानी नहीं भरा, जिसके कारण तालाब सूखा रह गया। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि गांव के एक व्यक्ति द्वारा तालाब में मछली पालन करने के लिए छोटे-छोटे हेचरी बनाए जा रहे हैं। जब गांव वालों ने इसका विरोध किया, तो उन्हें आधा तालाब में निस्तार के लिए पानी भरने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन यह आश्वासन भी पूरा नहीं किया गया और तालाब में निस्तार योग्य पानी नहीं भरा गया है।

**संक्रमण और गंदगी का खतरा-** तालाब में लंबे समय से पानी न भरने के कारण अब उसमें झाड़ियां और कीचड़ जम गए हैं, जिससे गंदगी और बदबू फैल रही है। ग्रामीणों ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इस कारण गांव में संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ गया है। बच्चों और बुजुर्गों को भी पीने और निस्तार के लिए दूर तक पानी लाने में भारी परेशानी हो रही है।

## बिजली दर वृद्धि के विरोध में युवा कांग्रेस का हस्ताक्षर अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

बिजली दर में किए गए वृद्धि के विरोध में राजिम विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष योगेश साहू के नेतृत्व में राजिम क्षेत्र में हस्ताक्षर अभियान चलाए जा रहा है जिसमें बड़ी संख्या में युवा नेता शामिल हुए। बताया गया कि बाजार चौक राजिम में जनता व व्यापारियों से बड़ी संख्या में हस्ताक्षर लिए गए, जिससे बिजली बिल वृद्धि के विरोध में जन समर्थन हासिल हुआ। अभियान के दौरान नारेबाजी और जन संवाद के माध्यम से बिजली दरों में हुई वृद्धि और सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए गए। हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से एक ज्ञापन तैयार कर आगामी दिनों में जिला प्रशासन एवं राज्य सरकार को सौंपा जाएगा। आंदोलन की पृष्ठभूमि युवा कांग्रेस का यह आंदोलन छत्तीसगढ़ में बिजली दरों में वृद्धि, बढ़ते बिलों और आम जनता पर पड़ रहे आर्थिक बोझ के विरोध में चलाया जा रहा है। पहले चरण में प्रदेश भर में जागरूकता रैलियाँ एवं विरोध सभाएँ आयोजित की गई थीं, जबकि दूसरे चरण में विधानसभा स्तर पर हस्ताक्षर अभियान और जन संवाद कार्यक्रम हो रहे हैं। युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष योगेश साहू ने कहा कि /"सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण आम उपभोक्ता परेशान है। बिजली जैसी बुनियादी सेवा को महँगा कर जनता पर अतिरिक्त बोझ डालना अस्वीकार्य है। इस आंदोलन का उद्देश्य जनता की आवाज को




सरकार तक पहुँचाना और जनहित में निर्णय करवाना है। श्री साहू ने इस अभियान में युवाओं की सहभागिता की सराहना करते हुए कहा कि युवा वर्ग ही बदलाव की ताकत है, और जनता के हक के लिए हम सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ेंगे। स्थानीय नेतृत्व का योगदान राजिम के हर गांव और बस्ती में यह संदेश पहुँचेगा कि जनता अब अत्याचार और आर्थिक शोषण के खिलाफ एकजुट है। उन्होंने सभी युवाओं और नागरिकों से इस अभियान में जुड़ने का आह्वान किया। इस दौरान युवा कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष दिगेश्वर पटेल, विधानसभा सचिव मिथिलेश पटेल, ब्लाक सचिव प्रीत साहू, वेदांत सोनकर, हर्ष, दीपांशु निषाद, अमर पटेल उपस्थित रहे।

## अंचल में श्रद्धा व उल्लास से मनी शरद पूर्णिमा, अमृत खीर वितरण की रही धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव (कोरासी)

पूरे अंचल में इस वर्ष शरद पूर्णिमा का पावन पर्व पारंपरिक श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। धार्मिक मान्यताओं में वर्ष की सभी पूर्णिमाओं में श्रेष्ठ मानी जाने वाली इस रात को, चंद्रमा अपनी सोलह कलाओं से पूर्ण हुआ और माना गया कि इसकी किरणें धरती पर अमृत की वर्षा करती हैं।



पंचांग गणना के अनुसार, इस वर्ष शरद पूर्णिमा की तिथि पर दोपहर 12:23 बजे से लेकर देर रात 10:53 बजे तक भद्रा काल का प्रभाव रहा। हालांकि, ज्योतिषाचार्यों की सलाह का पालन करते हुए भक्तों ने निशिता काल (मध्यरात्रि) और अन्य शुभ मुहूर्तों में माता लक्ष्मी की विशेष आराधना की। जिला मुख्यालय और आसपास के प्राचीन मंदिरों में देर रात तक विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया।

**चांदनी रात में बनी अमृत खीर-** शरद पूर्णिमा का सबसे महत्वपूर्ण अनुष्ठान चांदनी रात में खीर तैयार करना और उसे चंद्रमा की किरणों के नीचे खुले आसमान के नीचे रखना होता है। यह परंपरा शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में पूरे उल्लास के साथ निभाई गई। घरों की छतों पर, मंदिरों के प्रांगण में बड़ी मात्रा में दूध, चावल और मेवों से बनी खीर को रखा गया। श्रद्धालुओं का मानना है कि चंद्रमा की अमृतमयी किरणें इस खीर में समाहित होकर इसे औषधीय गुणों से युक्त बना देती हैं। धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ, इस अवसर पर कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में देर रात तक रामायण पाठ और लोक नृत्यों का आयोजन हुआ। चूंकि यह वह दिन है जब भगवान कृष्ण ने गोपियों के साथ महा-रास किया था, इसलिए कृष्ण मंदिरों में विशेष आयोजन किए गए। शरद पूर्णिमा को कोजागरी पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। इस मान्यता के साथ कि इस रात देवी लक्ष्मी धरती पर भ्रमण कर यह देखती हैं कि 'कौन जाग रहा है', जिले के घरों और मंदिरों में रात भर भजन-कीर्तन और जागरण का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से मां लक्ष्मी और भगवान विष्णु की पूजा कर सुख-समृद्धि और आरोग्य का आशीर्वाद मांगा। पर्व भक्ति, उल्लास और सांस्कृतिक रंगत के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## ग्राम लोहझर में 10 वर्ष बाद पुनः शुरू हुई रामलीला की परंपरा, हजारों की उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव (कोरासी)

ग्राम लोहझर में प्राचीन परम्परा अनुसार इस वर्ष भी विजय दशमी के शुभ अवसर पर रामलीला का आयोजन समस्त ग्रामवासी लोहझर खट्टी एवं ग्राम विकास समिति, ग्राम पंचायत के सहयोग से बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। दशहरा को होने वाला उत्सव बारिश के कारण शरद पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित किया गया। लीला का प्रारम्भ ग्राम के गौटिया फलेन्द्र सिंह ठाकुर और ग्राम मे लीला के आधार स्तम्भ रखने वाले मनोहर लाल साहू, महंत कोमर्रा, धनी राम यदु ( से, प्र पाठक), यशवंत ठाकुर (सरपंच) मनी राम ध्रुव ( पंच) नोहर लाल पटेल (प्र, पाठक), गोविन्द यादव(कपड़ा वाला), भोज पटेल के द्वारा राम के छायाचित्र पर पूजा क़र शुरुआत किया गया। रामलीला मंचन एक दिवसीय होने के कारण अंगद संवाद से रावण वध तक किया गया। ज्ञात हों की इस ग्राम मे लगभग 80 से वर्षो से रामलीला का आयोजन होते रहा है, कुछ कारण वस नही हों रहा था इस बार लगभग 10 वर्ष बाद आयोजन किया गया जिसमे लोगों का उत्साह देखने को ग्राम सहित



आसपास ओनवा, गिधनी, पंड्रिपानी, छुरा से हजारों के भीड़ मे यहां पहुंचें थे। रामलीला मंचन के लिए गरियाबंद जिले में यह ग्राम बहुत ही प्रसिद्ध है। इस सफल आयोजन मे मार्गदर्शक खगेश साहू, राम पटेल, पवन कुमार ध्रुव (व्याख्याता), नैन सिंह साहू, हुबलाल पटेल, योगेश यादव जगदीश साहू शिक्षक, भूपेश यदु शिक्षक के साथ आयोजक लीला मंडली मे चोवा राम निषाद, किशन निषाद, राजेश यदु, अरुण ठाकुर, युवराज पटेल, नितेश, लुनेश, लुकेश, देवनारायण, गणेश सभी ने आयोजन के लिए बहुत ही योगदान दिए। अंत में ग्राम के माताओं द्वारा श्री राम जानकी झांकी का आरती उतारकर आशीर्वाद लिया गया और प्रसाद ग्रहण किए। यह आयोजन अब प्रत्येक वर्ष होना है ऐसा लोगों ने उत्साह पूर्वक आनंद लिए।

**बिजनेस साइट**

### राजिम में रायपुर के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर मरीजों को 9 को देंगे परामर्श

**राजिम।** नगरवासियों और आस-पास के क्षेत्र के लोगों के लिए राहत भरी खबर है। रायपुर के प्रसिद्ध सुपर स्पेशलिस्ट प्रो. डॉ. एके चौरसिया (एमडी, होम्योपैथिक मेडिसिन) और डॉ. एम. चौरसिया (एमएस, पाइल्स एवं सर्जरी विशेषज्ञ) आगामी 9 अक्टूबर को राजिम में मरीजों को परामर्श देंगे। डॉक्टरों द्वारा यह विशेष परामर्श गायत्री मंदिर के पास, सरकारी अस्पताल के समीप, ध्यानाचार्य चौक, राजिम में दिया जाएगा। समय सुबह 10:30 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक। डॉ. चौरसिया ने बताया कि आजकल लोगों में यूरिक एसिड, गठिया (आर्थराइटिस), लकवा (स्ट्रोक) और नसों में दर्द (न्यूरोपैथी) जैसी समस्याएं आम हो गई हैं। उन्होंने जोर दिया कि इन बीमारियों का प्रभावी और सुरक्षित इलाज अब मिरेकल्स होम्योपैथी के माध्यम से संभव है। क्लिनिक में निम्नलिखित समस्याओं का जर्मन होम्योपैथिक दवाओं से संपूर्ण निदान किया जाएगा। जोड़ों का दर्द, अकड़न, झुनझुनी, जलन। नसों में शून्यता, घुटनों में सूजन। कमर दर्द और रीढ़ की हड्डी में अकड़न। चलने-फिरने में परेशानी। मरीजों की सुविधा के लिए क्लिनिक में खून जांच पर 60% तक की विशेष छूट। जर्मन होम्योपैथिक दवाओं पर 20% तक की विशेष छूट। रोगियों से अनुरोध है कि असुविधा से बचने के लिए वे अग्रिम पंजीकरण अवश्य करा लें।

## पंचायत पोंड में पालना घर का उद्घाटन




**पाण्डुका।** ग्राम पंचायत स्तर में छत्तीसगढ़ का प्रथम पालना घर का उद्घाटन 06/10/2025 दिन सोमवार को ग्राम पंचायत पोंड में शिवाजी नगर भाटापारा वार्ड क्र.15 माध्यमिक शाला स्कूल में संचालित किया गया साथ ही नवीन पालना घर भवन की मांग की गई। महिला बाल विकाश के अधिकारी श्री अशोक पांडे द्वारा बताया गया पालना घर ब्लॉक में दूसरा व जिला में आठवां केंद्र है व ग्राम पंचायत स्तर में छत्तीसगढ़ में प्रथम पालना केंद्र है अभी तक जितने भी केंद्र का संचालन सिर्फ नगरीय क्षेत्र में ही सम्मिलित था ब्लॉक परियोजना अधिकारी श्री चंदूलाल साहू ने पालना केंद्र की महत्व व उसके लाभ को बताया गया साथ में बच्चों को कैसे कुपोषित से मुक्त किया जाए रेडी टू ईट के लाभ से अवगत कराया गया साथ ही केंद्र में 0से 3वर्ष के शिशुओं का लालन पालन किया जाएगा। महिलाओं को आयरन की कमी को कैसे दूर करे विस्तृत जानकारी दिया गया कार्यक्रम में सरपंच श्रीमति कौशल्यलीलाधर कंवर ने फीता काटकर पालना केंद्र का उद्घाटन किया साथ में उपसरपंच श्री कुलेश्वर साहू सचिव युवराज सिन्हा सेक्टर प्रभारी ईश्वरी पटेल प्रधानपाठक बालमुकुंद ठाकुर पंचगण दुलेश्वर, देवेंद्र, गिरधर, जुबेदा बेगम, रेशमी, बसंता, खेमिन, तुलसी,भानी, व गांव के गणमान्य नागरिक लीलाधर, गोपाल, फ़नेद बुद्धूराम, ओमप्रकाश, निर्मल, संतोष आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अमेरिका साहू बिसरी बाई आदि अन्य गांव के माताओं की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।






### भसेरा परिक्षेत्र के रमेश अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष मानसिंह साहू बने

**फिंगेश्व।** साहू समाज परिक्षेत्र भसेरा के पदाधिकारियों का चुनाव निर्विरोध संपन्न हुआ। इस चुनाव में सर्वसम्मति से रमेश कुमार साहू को अध्यक्ष पद के लिए चुना गया है। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में मानसिंह साहू को उपाध्यक्ष और मोतिम साहू को महिला उपाध्यक्ष चुना गया है। वहीं, तुलाराम साहू और डिगेश्वरी साहू को क्रमशः संगठन सचिव (पुरुष) और संगठन सचिव (महिला) की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह चुनाव प्रक्रिया रामजी साहू, पवन साहू, विष्णु साहू, मनोहर साहू, झाड़ू राम साहू, कुंजबिहारी साहू, घनश्याम साहू, ओमप्रकाश साहू और शातुराम साहू की टीम द्वारा चुनाव अधिकारी के रूप में सफलतापूर्वक संपन्न कराई गई। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देने वालों में पूर्व अध्यक्ष ईश्वर साहू, नारायण लाल साहू, हेमंत कुमार साहू सहित नागेश्वर साहू, दिलीप साहू, लक्ष्मण साहू, संतराम साहू, ईश्वरी साहू, मुकेश साहू, मदनलाल साहू, मनोज साहू, जीवन साहू, हेमलाल साहू, दशरथ साहू, मिथलेश साहू, केवल साहू, मंगल साहू, नकुल साहू, सीतल साहू** और परिक्षेत्र के कई अन्य सदस्य और पदाधिकारी शामिल हैं। यह परिक्षेत्र भसेरा, पेंड्रा, पाली, पसौद, सिरीकला, रोबा, बिनोरी, पुरेना, बरभाठा, पथरी आदि ग्रामों के सामाजिक सदस्यों का प्रतिनिधित्व करता है। समाज ने उम्मीद जताई है कि नवनिर्वाचित पदाधिकारी समाज हित में मजबूती से काम करेंगे।

